# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 29.08.2026** **समय : 1905**

1. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 2030 तक मलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रगति की समीक्षा की।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।
3. महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जंयती के उपलक्ष्य में महात्मा गांधी कॉलेज में आज राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया।
4. अंडमान–निकोबार पुलिस कर्मियों के लिए विशेष पीएसओ एवं सामरिक ड्राइविंग प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का कल समापन हो गया।

<><><><><><><>

भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अपर सचिव एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक आराधना पटनायक ने 2030 तक मलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में नौ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के 33 अत्यधिक प्रभावित जिलों की स्थिति की समीक्षा की गई। अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह समेत संबंधित राज्यों में मलेरिया नियंत्रण की प्रगति पर विशेष चर्चा की गई। श्रीमती पटनायक ने प्रभावित जिलों में जिला एवं ग्राम कार्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, शुरुआती जांच, समय पर उपचार और मजबूत निगरानी पर जोर दिया। उन्होंने दुर्गम क्षेत्रों में जांच किट और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा मच्छर नियंत्रण के लिए ग्रामीण एवं शहरी विकास विभागों और पंचायती राज संस्थाओं के साथ समन्वय बढ़ाने की आवश्यकता बताई।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का एक सौ सैंतीसवां एपिसोड होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, एआईआर न्यूज़ की वेबसाइट और न्यूज़–ऑन–एयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। साथ ही, ए.आई.आर. न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर इसका सीधा प्रसारण भी होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से क्षेत्रीय भाषाओं में भी ये कार्यक्रम प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><><>

सरकार ने व्हाट्सएप की निगरानी के लिए केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए नए दिशा–निर्देशों से संबंधित एक फर्जी दावे का खंडन किया है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने बताया कि सरकार ने ऐसे कोई दिशा–निर्देश जारी नहीं किए हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार भोजपुरी समाज का छठा स्थापना दिवस कल टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में मनाया जाएगा। कार्यक्रम शाम छ बजे शुरू होगा। इस अवसर पर हिन्दी साहित्य कला परिषद के अध्यक्ष राघवेन्द्र प्रसाद सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, वहीं उत्तर प्रदेश समाज के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद मिश्राा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। इस दौरान भोजपुरी कला और संस्कृति के रंगारंग कार्यक्मों के साथ–साथ शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए छात्र–छात्राओं को सम्मानित भी किया जाएगा।

<><><><><><><>

कृषि विभाग, द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मध्योत्तर अंडमान जिले के किसानों के लिए 1 से 3 सितंबर तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–कृषि विज्ञान केंद्र, श्री विजयपुरम में आयोजित होगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्म राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन और कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से 48 किसान हिस्सा लेंगे। प्रशिक्षण में प्राकृतिक खेती की तकनीकों के साथ मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, जैव–इनपुट तैयार करने एवं उनके उपयोग तथा फसल प्रबंधन की जानकारी दी जाएगी।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय में आज राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जंयती पर आयोजित इस कार्यक्रम में कायाकिंग और कैनोइंग में अंतर्राष्ट्रीय एथलीट नीलम माधुरी मिंज विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। उन्होंने छात्रों को खेल को समर्पण, अनुशासन, दृढ़ता और आत्मविश्वास के साथ अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर. वी. आर. मूर्ति ने छात्रों के बीच टीम वर्क चरित्र और स्वस्थ जीवन शैली को विकसित करने में जोर दिया। उन्होंने छात्रों से शैक्षणिक गतिविधियों के साथ साथ खेल कूद में भी सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया। इस मौके पर छात्रों को चक दे इंडिया फिल्म दिखाई गई और एक रोमांचक वॉलीबॉल मैच भी खेला गया।

<><><><><><><>

भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की पहल GEMS of India प्रतियोगिता के तहत हाल ही में महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय, मायाबंदर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है। इस अवसर पर कॉलेज के प्रचार्य डॉ. आर.वी.आर. मूर्ति ने अपने संबोधन में कहा कि यह प्रतियोगिता दूरदराज के क्षेत्रों के बीच दूरी को कम करने और सभी को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए समान अवसर प्रदान करता है। मुख्य अतिथि नीरजा गुप्ता ने 'GEMS of India' प्रतियोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान का उद्देश्य देशभर के युवा और उभरती हुई प्रतिभाओं को खोजना, उन्हें तराशना और राष्ट्रीस स्तर पर पहचान दिलाना है। इस दौरान उन्होंने छात्रों को पंजीकरण प्रक्रिया, पात्रता मानदंड और दिशा–निर्देशों के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान एक विशेष प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में अंडमान–निकोबार पुलिस और सी पी एफ, मुख्यालय, एन एस जी मानेसर के सहयोग से पुलिस कर्मियों के लिए विशेष पीएसओ एवं सामरिक ड्राइविंग प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का कल समापन हो गया। प्रशिक्षण में कुल 72 पीएसओ और 30 चालकों ने भाग लिया। इस दौरान जवानों को वीआईपी सुरक्षा, करीबी सुरक्षा, वाहन नियंत्रण, पार्किंग सिद्धांत, सुरक्षित एवं सामरिक ड्राइविंग सहित विभिन्न परिचालन पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। यह कार्यक्रम एनएसजी के विशेषज्ञ दल द्वारा संचालित किया गया। टीम ने व्याख्यान, प्रदर्शन और व्यावहारिक अभ्यास के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया। इस अवसर पर अंडमान–निकोबार के पुलिस महानिदेशक रविंद्र सिंह यादव ने एनएसजी और सभी हितधारकों के प्रति सराहना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से पुलिस कर्मियों की पेशेवर दक्षता, परिचालन तत्परता और वीआईपी सुरक्षा क्षमताओं में वृद्धि होगी। पूरे कार्यक्रम का समन्वय आईआरबीएन कमांडेंट, श्वेता के सुगाथन द्वारा किया गया।

<><><><><><><>

शिक्षा के क्षेत्र में बीस से अधिक वर्षों का अनुभव रखने वाले पी जी टी शिक्षक प्रकाश राव जे ने विशेष आवश्यकता वाले और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की शिक्षा के लिए अभूतपूर्व कार्य किए है। उन्होंने ''बिल्डिंग ऐस लर्निंग ऐड'' पहल के तहत कम लागत की स्थानीय सामग्रियों से साधारण स्कूलों को आधुनिक शिक्षण केन्द्रों में बदला है, जिसे क्षेत्र के बाईस सरकारी स्कूलों में लागू किया जा चुका है। इसके साथ ही उन्होंने राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मायाबंदर सहित कई विद्यालयों में मॉडल साइंस सेन्टर, आधुनिक लैब और एक डिजिटल लाइब्रेरी की भी स्थापना की है। उनके इस सराहनीय योगदान पर स्कूल के प्रधानाचार्य ने उन्हें समाज और शिक्षक वर्ग के लिए एक बेहतरीन रोल मॉडल बताया है।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय, में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए विभिन्न विषयों में अतिथि प्रवक्ताओं की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार 4 सितम्बर को सुबह दस बजे महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

फरारगंज निर्वाचन क्षेत्र के ज़िला परिषद सदस्य अब्दुल बशीर ने आज छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी के साथ राजकीय माध्यमिक विद्यालय, माइलतिलक और उसके आस–पास सफाई अभियान चलाकर छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया।

<><><><><><><>